**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 15.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)**
********************

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में आज होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशियों को आपस में बांट रहे हैं। दुमका में लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में रंगों के त्योहार को मना रहे हैं। जामताड़ा में भी होली को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। लोगों ने कहा कि यह त्योहार आपसी भाई–चारा और प्रेम का प्रतीक है।

इधर, होली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी जिलों में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात हैं। संवेदशनशील इलाकों में पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। वहीं, हुड़दंग करने वालों के साथ–साथ सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी की जा रही है।

********************

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। श्री जोशी आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर एक वेबिनार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने के लिए सरकार ने शिकायत निवारण तंत्र को आधुनिक बनाया है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कडी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

********************

गिरिडीह जिला के राजधनवार स्थित घोड़थंबा में कल हुई हिंसा के बाद अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। यहां बड़ी संख्या में जवान तैनात है, जो पल–पल की गतिविधियों पर निगरानी रख हुए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक बिमल कुमार ने बताया कि यहां हुई हिंसा में शामिल उप्रदवियों की पहचान की जा रही और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि कल होली के दौरान घोड़थंबा में कल दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस दौरान हुई आगजनी और पथराव की घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया था।

********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के घोड़थंबा में कल होली के दौरान पथराव और आगजनी की घटना को लेकर हेमन्त सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यहां दो पक्षों के बीच हुई हिंसा प्रशासनिक विफलता का परिणाम है। राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने में राज्य सरकार विफल साबित हो रही है।

वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा कि पुलिस–प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घोड़थंबा में शांति बहाल कर दी है।

********************

बोकारो स्टील सिटी और चास में तमाम गतिविधियों की निगरानी के लिए चौक–चौराहों पर कैमरे लगाए गए हैं। और ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

********************

गुमला जिला के सिसई प्रखंड स्थित नागफेनी अंबाघाघ को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। पर्यटन विभाग इसके लिए कार्य योजना बना रही है। इसके अंतर्गत यहां सौंदर्यीकरण तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

**<u>*********************</u>**

राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में कल झारखंड राज्य वुडबॉल चयन ट्रायल सह प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी नागपुर में 22 मार्च से आयोजित होने वाले राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**************